# जिला कारागृह का निरीक्षण कर कैदियों के हालात जाने



जालोर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष हारून, सचिव अहसान अहमद एवं जिला कलैक्टर प्रदीप के .गावंडे ने जिला कारागाह का निरीक्षण कर बंदियों से वार्तालाप किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। सर्वोच्च न्यायालय की ओर से पारित निर्णय सुकन्या शांता बनाम भारत संघ की पालना में राज्य प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में बोर्ड ऑफ विजिटर्स के साथ सोमवार को जिला न्यायाधीश हारून के नेतृत्व में जिला कारागृह का निरीक्षण किया गया।

जिला विधिक सेवा प्रधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश अहसान अहमद ने बताया कि कारागृह के निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य कारागृहों में बंद बंदियों के साथ जाति, धर्म सहित अन्य प्रकार के भेदभाव के बारे में जानकारी प्राप्त कर उस पर आवश्यक कदम उठाना है। निरीक्षण के दौरान कारागृह में बंदियों से वार्तालाप की गई।

बंदियों ने बताया कि कारागृह में किसी भी बंदी के साथ जातिगत, धर्म, आर्थिक स्थिति या अन्य आधार पर भेदभाव नहीं किया जाता है। मानवाधिकार हनन के संबंध में भी किसी बंदी ने शिकायत नहीं की।

इस दौरान उन्होंने बंदियों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान रसोई घर, बैरक आदि का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। बंदियों से उनके प्रकरणों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

इस दौरान जिला कलेक्टर प्रदीप के गवांडे, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अहसान अहमद, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम, जिला शिक्षा अधिकारी भैराराम चौधरी, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक संग्रामाराम देवासी, पीडब्ल्यूडी के एसई रमेश सिंघाडिया, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक जितेंद्रसिंह व जिला कारागृह की उपाधीक्षक संपति बामणियां मौजूद रही।

## बुंदेला एंक्लेव में चोरी हुई

**जोधपुर**, (कासं) । जोधपुर के एयरफोर्स एरिया गुरूद्वारा कॉलोनी में बुंदेला एंक्लेव में एयरफोर्स के मास्टर वारंट ऑफिसर हैली काप्टर यूनिट में तैनात दो अफसरों के क्वार्टरों के ताले रात में तोड़े गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एक में चोरी नहीं हुई जबकि दूसरे में सामान चोरी होना बताया गया है। एक में अधिकारी 9 जनवरी को ही शिफ्ट हुए थे बाद में छुट्टी पर चले गए।

10 जनवरी को ताले टूटे होने की जानकारी मिली। मामले में एयरपोर्ट थाने में रिपोर्ट दी गई है।



संभाग स्तरीय सदस्यता अभियान की सफलता पर जयपुर में आयोजित सम्मेलन में जी.डी. मित्तल को सम्मानित किया।

# प्रशासनिक व वित्तीय अधिकार सहित समस्याएं बताई



जालोर के अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने समस्याओं को लेकर जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप गवांडे को ज्ञापन सौंपा। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेश व्यापी आव्हान के तहत जिला शाखा जालोर की ओर से राज्य कर्मचारियों की विभिन्न लंबित प्रशासनिक एवं वित्तीय अधिकारों के उन्नयन एवं विभिन्न समस्याओं को लेकर सोमवार को जिला उपाध्यक्ष पोकाराम सोलंकी के नेतृत्व में जिला कलेक्टर जालोर को मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

कार्यालय मंत्री कैलाश कुमार खत्री ने बताया कि पी एफ आर डी ए अधिनियम को निरस्त करने , राज्य सरकार, बोर्ड, निगम आदि में कार्यरत कार्मिकों के लिए समान काम समान वेतन की नीति लागू करने, कार्मिकों का न्यूनतम वेतन 26 हजार करने, अनुसूची पांच में किए गए संशोधनों को निरस्त करने, जनवरी 20 से जून 21 डी ए एरियर भुगतान करने सहायक कर्मचारियों को एम टी एस घोषित करने सहित 11 सूत्री मांगों का माँग पत्र सौंपा।

पोका राम सोलंकी, कैलाश कुमार खत्री, पुख सिंह भाटी ब्लॉक अध्यक्ष महासंघ जालोर, राधेश्याम तंवर जिलाध्यक्ष सहायक कर्मचारी संघ भंवर सिंह गहलोत आदि मौजूद थे।

## बाजार में लोगों की भीड़ रही

**पाली**, (नि.सं.)। मकर संक्रांति पर्व के 2 दिन शेष रहते पाली शहर के रूई कटला स्थित पतंगों की दुकानों पर रविवार को लोगों की भीड़ नजर आई। लोग विभिन्न प्रकार के पतंग व मांझा खरीदते नजर आए। शहर के अन्य क्षेत्रों में भी पतंगों की दुकानों पर भीड़ रही। वहीं लोगों ने तिल के लड्डू, गजक, दान के लिए 13 आइटम खरीदे। कई लोग गाजर, मूली, बेर का भी दान करते हैं।

## अतिक्रमण हटाए

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी के निर्देशानुसार अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने जोनवार अवैध निर्माणों एवं अतिक्रमणों पर नियमित रूप से कार्यवाही की जा रही है। जेडीए दस्ते ने सोमवार को ग्राम बडली में प्राधिकरण की लगभग 5 बीघा भूमि से अवैध अतिक्रमणों को ध्वस्त कर हटाया गया। प्रवर्तन अधिकारी प्रवीण गहलोत ने बताया कि प्राधिकरण सचिव भागीरथ विश्नोई के आदेशानुसार जेडीए दस्ते ने ग्राम बडली के खसरा संख्या 526 का मौका निरीक्षण के दौरान मौके पर प्राधिकरण की लगभग 5 बीघा भूमि पर भिन्न-भिन्न स्थानों पर फाचरों की दीवारें बनाकर विभिन्न अवैध अतिक्रमण किए हुए थे। विरोध किए जाने पर जेडीए दस्ते ने ग्रामवासियों से समझाईश की।

## सार-समाचार

### अपहरण कर पीटा, तीन आरोपी पकड़े

**जोधपुर**, (कासं) । लव अफेयर की आशंका में एक छात्र का भगत की कोठी इलाके में अपहरण कर लिया गया। तीन युवक छात्र के कमरें में घुसे और खुद को पुलिस अधिकारी बताकर कार में अपहरण कर ले गए। थाने चलने की बात कही और फिर कार में मारपीट की। उसके बाद छात्र को पाली जिले के रोहट क्षेत्र में सडक़ पर पटक कर चले गए। उसका मोबाइल लूट लिया गया। पीड़ित छात्र की तरफ से भगत की कोठी थाने में रिपोर्ट दी गई। पुलिस ने कार्रवाई कर तीन लोगों को पकड़ा है जोकि भीलवाड़ा के रहने वाले है। जैसलमेर के फलसूण्ड स्थित भीखोडाई के रहने वाले एक छात्र की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि वह भगत की कोठी स्थित कृष्ण मंदिर गली नंबर 3 में किराए के कमरे में रहकर पढ़ाई करता है। 11 जनवरी की रात को वह अपने कमरें में पढ़ाई कर रहा था। तब उसके रूम पर तीन युवक कार लेकर आए। उन्होंने खुद को पुलिस अधिकारी बताते हुए पूछताछ के लिए थाने चलने के लिए कहा। बाद में उसे जबरन कार में डालकर ले गए। बीच रास्ते मारपीट की और उसका मोबाइल छीन लिया। पाली के रोहट क्षेत्र में ले जाकर सड़क पर पटक दिया। आरोपियों में से एक ने कहा कि वह उसकी पत्नी को फोन करता है। मोबाइल चैट से इसका खुलासा होने पर छात्र का अपहरण किया गया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच में तीन आरोपियों भीलवाड़ा निवासी शैतानसिंह , पारसमल गुर्जर एवं सांवलियाराम को शांतिभंग में फिलहाल गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनकी बीच राजीनामे की बात भी बताई है।

### जोधपुर के 12 केन्द्रों पर आज स्वर्णप्राशन

**जोधपुर**, (कासं) । डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर द्वारा संचालित स्वर्णप्राशन कार्यक्रम 14 जनवरी, मंगलवार को पुष्यनक्षत्र योग में बारह जगहों पर रखा गया है। इसमें एम्स, जोधपुर की आयुष ओ.पी.डी. में, जालोरी गेट के निकट शनिश्चर थान, सम्राट अशोक उद्यान के सामने भवानी आदर्श विद्या मंदिर, चौपासनी हाउसिंग बोर्ड स्थित लवकुश गृह-नवजीवन संस्थान, बाल बसेरा सेवा संस्थान, मगरा पूंजला स्थित राजकीय किशोर बालगृह, विश्वविद्यालय आयुर्वेद चिकित्सालय, करवड़, गोद-ठााम घड़ाव के राजकीय विद्यालय विक्टोरियन किड्स स्कूल एवं राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, कुड़ी भगतासनी हाउसिंग बोर्ड में आयोजित किया जायेगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार प्रजापति ने बताया कि आमजनता में बच्चों के सर्वांगीण स्वास्थ्य में स्वर्णप्राशन के लाभ और महत्त्व के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिये प्रतिमाह की भांति मंगलवार को जोधपुर शहर के 12 केन्द्रों पर स्वर्णप्राशन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है तथा प्रतिमाह पुष्य नक्षत्र के दिन विश्वविद्यालय के बाल रोग विभागान्तर्गत करवड़ स्थित चिकित्सालय सहित 12 केन्द्रों पर सैकड़ों की संख्या में अभिभावक अपने बच्चों को नियमित रूप से स्वर्णप्राशन ड्रॉप्स पिलाने के लिये आ रहे हैं। स्वर्ण प्राशन की अगली खुराक आगामी पुष्य नक्षत्र 11 फरवरी को उक्त 12 स्थानों पर बच्चों को पिलाई जायेगी। स्नातकोत्तर बालरोग विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. हरीश कुमार सिंघल ने विभिन्न केन्द्रों पर सुचारु रूप से व्यवस्था के लिये चिकित्सकों एवं स्नातकोत्तर अध्येताओं की ड्यूटी लगाकर कार्य सम्पादन करने के लिए निर्देशित किया गया है।

### पटवारियों ने कार्यों का बहिष्कार किया

**सायला**, (निसं)। उपखण्ड मुख्यालय पर सोमवार को राजस्थान पटवार संघ की प्रदेश कार्यकारिणी के आव्हान पर 9 सूत्री मांग पत्र के निस्तारण की मांग को लेकर पटवारियों द्वारा राजस्व कार्यों का बहिष्कार कर धरना प्रदर्शन किया गया। पटवार संघ जिलाध्यक्ष महेन्द्रसिंह चंपावत ने बताया कि गिरदावरी एप्प में अपेक्षित आवश्यक संशोधन करवाने, 1०35 पटवार मंडल एवं भानोत कमेटी में वित्तिय स्वीकृति से शेष पटवार मंडल एवं भू-अभिलेख निरीक्षक वृत की वित्तिय स्वीकृति जारी करवाने, पटवारी से वरिष्ठ पटवारी पद की रिव्यू डीपीसी एवं डैफर्ड एवं लिफाफा बंद प्रकरणों का निस्तारण करवाने तथा 752 नवसृजित भू-अभिलेख निरीक्षक पदों के निर्धारण संबंधित पत्रावली का निस्तारण करवाने समेत 9 सूत्री मांग पत्र का निस्तारण नही होने से समस्त पटवारियों में भारी रोष है तथा मांगों पर सहमति नही बनने तक राजस्व कार्यों का बहिष्कार जारी रहेगा। इस दौरान उपशाखा अध्यक्ष जसाराम, दिनेश सोलंकी, उमाराम, ज्ञानसिंह, सुरेश कुमार, रविन्द्रसिंह, देवीसिंह, आसकरणसिंह, परमेश्वरी, रिन्की राव, भीमराज, भीमाराम समेत पटवारी मौजूद रहे।

### पाली में रैन बसेरा का निरीक्षण

**पाली**, (नि.सं.)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार सर्दी के मौसम में खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर बेसहारा, गरीब, बेघर व असहाय व्यक्तियों, महिलाओं एवं बच्चों को रैन बसेरों या आश्रय स्थलों मे प्रवेश करवाये जाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला न्यायाधीश) पाली सचिव विक्रम सिंह भाटी द्वारा रामलीला मैदान स्थित आश्रय स्थल पाली का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव भाटी द्वारा आश्रय स्थल में सर्दी से बचाव के लिए कंबल, बिस्तर, भोजन-पेयजल व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था इत्यादि के संबंध में जानकारी ली गई। सचिव भाटी द्वारा आश्रय स्थल के केयर टेकर को आस-पास के स्थानों, सार्वजनिक चौराहों पर खुले आसमान के नीचे सोने को मजबूर बेघर व बेसहारा व्यक्तियों को रैन बसेरों में प्रवेशित कराने, आश्रय स्थल की साफ-सफाई रखने एवं नियमित रूप से खुला रखने के निर्देश दिए गए।

### नर्सिंग कमियों ने प्रदर्शन किया

**जोधपुर**, (कासं)। डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज जोधपुर में यूटीबी नर्सिंग अधिकारियों को रिक्त पदों पर समायोजित करने की मांग को लेकर सोमवार को राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन जोधपुर शहर द्वारा धरना-प्रदर्शन किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन जोधपुर शहर के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष जगदीश जाट ने बताया कि नए नर्सिंग अधिकारी मिलने के बाद कई अस्पतालों में पूर्व से पदस्थापित यूटीबी नर्सिंग अधिकारियों को हटा दिया गया है। हालांकि यहां अभी भी कई सैकड़ों पद रिक्त है। कुछ दिन पहले मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल व नियंत्रक डॉ. बीएस जोधा ने उन्हें वापस पदस्थापित करने का आश्वासन दिया था। इसके बावजूद मंडोर सैटेलाइट अस्पताल में कार्यरत यूटीबी नर्सिंग कर्मचारियों को हटा दिया गया है। इसको लेकर आज धरना प्रदर्शन किया गया।

## सवा 6 लाख की धोखाधड़ी, दो जनों के खिलाफ मामला दर्ज

**पाली**, (नि.स.)। पाली में एक व्यक्ति ने दो जनों के खिलाफ सवा छह लाख रुपए की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाया है।

कोतवाल किशोरसिंह ने बताया कि दिनेश इरिगेशन प्राइवेट लिमिटेड भजनगंज (अजमेर) हाल पाली के टैगोर नगर निवासी कम्पनी के मैनेजर देवीसिंह पुत्र मराजसिंह ने रिपोर्ट दी। जिसमें बताया कि दिनेश इरिगेशन प्राईवेट लिमिटेड में जयपुर के नयू सांगानेर रोड सोडाला निवासी 44 साल के मौसम ओझा पुत्र अशोक ओझा ने अक्टूबर 2008 से जुलाई 2012 तक सेल्स मार्केटिंग का कार्य किया। जिसको कम्पनी द्वारा सिर्फ मार्केटिंग के लिए अधिकृत किया गया था। उसे कम्पनी की ओर से कोई दस्तावेज आदि निष्पादित करने का अधिकार नही था।

रिपोर्ट में बताया कि तत्कालीन सेल्स मार्केटिंग मौसम ओझा ने दिनेश इरिगेशन प्राईवेट लिमिटेड ने हवासिह पुत्र बनवारीलाल शर्मा निवासी आसलवास दुबीया लोहानी के पास ब्लाक भिवानी हरियाणा को कम्पनी से माल खरीदने के लिए जोड़ा। उसकी ओर से किए गए ऑर्डर अनुसार कम्पनी ने बिल बिल्टी से माल हवासिंह को भेजा। जिसका बिल 6 लाख 25 हजार 902 रुपए हुआ। इसको लेकर हवासिंह ने एक चेक दिया। जो बैंक में लगाया तो अनादरित हो गया। इस पर हवासिंह ने दूसरा चेक देने को कहा लेकिन कम्पनी में दिया नहीं। इस पर कम्पनी की ओर से हवासिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया। अभियुक्त हवासिह ने मौसम ओझा व उसके बीच हस्ताक्षर किया हुआ एक कथित एग्रीमेन्ट न्यायालय के पेश किया। जो अभियुक्त मौसम ओझा के कम्पनी से नौकरी छोड़ने के बाद का था। आरोप है कि मौसम ओझा ने धोखाधडी करते हुए षडयंत्र रचकर फर्जी एग्रीमेन्ट सफेद कागज पर बनवाया। जो एग्रीमेन्ट पुर्णतया: कूटरचित व फर्जी है। रिपोर्ट में बताया कि दोनों ने फर्जीवाड़ा कर कम्पनी को सवा छह लाख रुपए का नुकसान पहुंचा। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर जयपुर निवासी मौसम ओझा पुत्र अशोक ओझा,, हरियाणा के भिवानी निवासी हवासिंह पुत्र बनवारीलाल शर्मा के खिलाफ जांच शुरू की।

## चोर ताला तोड़ रहे थे, पड़ोसी चिल्लाए

**पाली**, (नि.सं.)। पाली शहर के औद्योगिक नगर थाने के लेबर कॉलोनी में पंकज मूंदड़ा का मकान स्थित है। जिस पर रविवार को ताला लगा हुआ था। रात करीब 2 बजे दो चोर गली में आए। उन्होंने पंकज के मकान का ताला तोड़ा। पड़ोस में रहने वाले टीचर राजेंद्र यादव ने खटखट की आवाज सुनी तो फोन कर दूसरे मोहल्लेवासियों को भी उठाया। राजेंद्र यादव, नरेंद्र जोशी, रघुनाथ, जसवंत सिंह, रामकिशोर राठौड़ सहित अन्य लोग चोर-चोर चिल्लाते हुए घर से बाहर आए। हल्ला सुनकर दोनों चोर भाग गए। कुछ मोहल्लेवासी लाठी लेकर उनके पीछे भागे लेकिन चोर हाथ नहीं आए। घटना की जानकारी मोहल्लेवासियों ने मकान मालिक पंकज मूंदड़ा को दी।

# पुलिस ने साइबर ठगी के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार किए

**बालोतरा**, (निसं)। बालोतरा द्वारा ऑपरेशन 'साईबर शील्ड' के तहत साइबर ठगी के विरूद्ध बड़ी कार्रवाई कर तीन आरोपियों को गिरपतार किया।

बालोतरा पुलिस अधीक्षक कुंदन कंवरिया ने बताया कि पुलिस मुख्यालय द्वारा साईबर अपराधों की रोकथाम, साईबर अपराध प्रकरणों/परिवादों के त्वरित निस्तारण एवं साइबर जागरूकता को लेकर चलाये जा रहे विषेष अभियान 'साइबर शील्ड' के तहत पुलिस टीम द्वारा साइबर ठगी के प्रकरण में वांछित मुलजिम नटवर कुमार, नरेश कुमार, सुजल व पंकज कुमार को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

ज्ञात रहे कि 7 जनवरी को डीएसटी बालोतरा व मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कस्बा बालोतरा में पुराना बस स्टेण्ड मनमोहन स्वीट के पीछे गली में श्री महालक्ष्मी ई-मित्र पर ई-मित्र संचालक लक्ष्मण द्वारा साइबर ठगों के साथ मिलकर स्थानीय लोगों को प्रलोभन देकर खाते खुलवाकर बड़े स्तर पर साइबर धोखाधड़ी के लेन-देन का कार्य किया जा रहा है, जिससे संदिग्ध दस्तावेज व इलेक्ट्रॉनिक उपकरण तथा अवैध लेन-देन रिकॉर्ड सहित साइबर ठगी का भांडाफोड़ हो सकता है। पुलिस थाना बालोतरा की पुलिस टीम द्वारा महालक्ष्मी ई-मित्र पर लक्ष्मण को दस्तयाब कर ई-मित्र पर उपयोग में लिये जा रहे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों व हिसाब-किताब से साक्ष्य संकलित करने से पाया गया कि ई-मित्र संचालक लक्ष्मण व अन्य कई जनों द्वारा आपराधिक षड़यंत्र रचकर स्थानीय युवकों को कमिशन का प्रलोभन देकर अपने साथ शामिल कर उनके खाते खुलवाए। मोबाइल व नेटवर्क के जरिये अज्ञात पीड़ित को झूठी प्रवंचना देकर राषि इनके द्वारा खुलवाये गये स्थानीय युवकों के खातों में डलवाकर विड्रोल कर साईबर धोखाधड़ी करना पाया जाने पर लक्ष्मण के कब्जा से कम्प्यूटर सैट, मोबाईल, बायोमैट्रिक मशीन, हिसाब-किताब के रजिस्टर इत्यादि जब्त कर मुलजिम लक्ष्मण को गिरफ्तार किया।

पुलिस टीम द्वारा साइबर ठगी के षड़यंत्र में शरीक मुलजिम नटवर कुमार, नरेश कुमार, सुजल व पंकज कुमार को 12 जनवरी को दस्तयाब कर प्रकरण उपरोक्त में नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। उक्त मुलजिमानों द्वारा साईबर ठगी के षड़यंत्र में शरीक होकर बैंक खाते खुलवाकर खातों में आई ठगी की राशि को विड्रोल कर शरीक षड़यंत्रकारियों को उपलब्ध करवाकर अपना-अपना कमिशन प्राप्त करते थे। गिरफ्तारसुदा मुलजिमानों से साइबर ठगी के संबन्ध में गहनता से पूछताछ अन्वेषण जारी है।

पुलिस ने नटवर कुमार पुत्र मेहराराम जीनगर उम्र 27 वर्ष निवासी गोविन्द नगर पचपदरा रोड बालोतरा थाना, नरेश कुमार पुत्र नारायणराम प्रजापत उम्र 23 वर्ष निवासी रबारियों का टांका थाना बालोतरा, सुजल पुत्र महावीर वाल्मिकी उम्र 18 वर्ष निवासी भगतसिंह सर्किल, आयकर भवन के पीछे पुलिस थाना बालोतरा, पंकज कुमार पुत्र बाबुलाल मेघवाल उम्र 22 वर्ष निवासी बिठुजा ्रो गिरफ्तार किया।

# स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करें : खिड़िया




राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बरना के वार्षिक कैलेंडर का लोकार्पण हुआ।

**जोधपुर**, (कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के तत्वावधान में कर्तव्य बोध दिवस स्वामी विवेकानंद जयंती पर सोमवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बरना में मनाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद व सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शिक्षाविद एवं सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य नारायण सिंह खड़िया ने संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करना जरूरी है साथ ही साथ कहा कि जीवन बहुत छोटा होता है अपने कर्तव्य का बोध होना जरूरी है। शिक्षक राष्ट्र का निर्माता है जो विद्यार्थियों के चरित्र का निर्माण करता है । विवेकानंद ने का कहना था कि सत्य के लिए सब कुछ छोड़ा जा सकता है ना कि सब कुछ के लिए सत्य छोड़ा जाए ।

राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के तत्वावधान में आयोजित कर्तव्य बोध दिवस समारोह की अध्यक्षता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कानाराम हीमार ने की। समारोह में विशिष्ट अतिथि रूप में नरेश सोलंकी प्रदेश मंत्री, रुपाराम खोजा प्रदेश उपाध्यक्ष, सहीराम बिश्नोई संभाग मीडिया सदस्य, भरत सिंह चौधरी जिलाध्यक्ष जोधपुर ठाामीण, ओमप्रकाश चौधरी जिलाध्यक्ष जोधपुर शहर, बक्सा राम चौधरी पूर्व जिलाध्यक्ष शारीरिक शिक्षक संघ उपस्थित थे।

समारोह में स्थानीय विद्यालय के वार्षिक कैलेंडर का लोकार्पण किया गया तथा मेहंदी प्रतियोगिता, रंगोली , पोस्टर , निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता के प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर रहे विद्यार्थियों को पारितोषिक भेंट कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मुकेश आचार्य ने किया।

## मेहनत का कोई विकल्प नहीं : डॉ. निर्मल




उत्कर्ष क्लासेस के सीईओ एवं फाउंडर डॉ. निर्मल गहलोत ने श्रीकृष्ण स्वाध्याय केंद्र में स्थापना दिवस समारोह में शिरकत की।

**जोधपुर**, (का.स.)। उत्कर्ष क्लासेस के सीईओ एवं फाउंडर डॉ. निर्मल गहलोत ने उपस्थित विद्यार्थियों को सोमवार को गीता भवन स्थित श्रीकृष्ण स्वाध्याय केंद्र में स्थापना दिवस समारोह में कहा कि मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता। विद्यार्थियों की कडी मेहनत का ही फल है की कुल 237 विद्यार्थियों का विभिन्न सरकारी सेवाओं में सिलेक्शन इस लाइब्रेरी में पढ़ने के पश्चात पिछले कुछ समय में हुआ है।

गीता प्रचार मंडल के महामंत्री राजेश लोढ़ ने बताया कि जोधपुर की गीता भवन में पहली हाईटेक बहुउद्देशीय लाइब्रेरी 13 जनवरी 2021 को शुरू की गई था। राजस्थान दिव्यांग सेवा समिति एवं श्री गीता प्रचार मंडल के संयुक्त तत्वावधान में स्थापित इस लाइब्रेरी का निर्माण उत्कर्ष क्लासेज के सहयोग से हुआ। को-फाउंडर तरुण गहलोत ने शिक्षा को समग्र रूप में ग्रहण करने का आहवान किया। उत्कर्ष क्लासेस के एचआर हेड हितेश व्यास, मुकेश चौहान, जेठाराम सोलंकी भी उपस्थित थे। संयोजन प्रधानराम व अरुण ने किया। संचालन सुधांशु टाक ने किया। समिति के सचिव अरविंद जोशी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# 26 जनवरी की तैयारी पर चर्चा

**सायला**, (निसं)। गणतंत्र दिवस समारोह की पूर्व तैयारियो को लेकर सोमवार को उपखण्ड अधिकारी सूरजभान बिश्नोई की अध्यक्षता में बैठक में अलग अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई। मुख्य समारोह खेल मैदान में करने का निर्णय लिया। उपखण्ड अधिकारी ध्वजारोहण कर मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। पूर्व तैयारियों को लेकर खेल मैदान में 20 जनवरी से सरकारी व निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक रूप से मार्च पास्ट व शारीरिक व्यायाम का पूर्वाभ्यास किया जाएगा तथा अन्तिम पूर्वाभ्यास 25 जनवरी का होगा। जबकि पंचायत समिति सभागार में देशभक्ति व राजस्थानी संस्कृति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का पूर्वाभ्यास होगा। भाजपा जिला महामंत्री पुखराज राजपुरोहित, पूर्व प्रधान रामप्रकाश चौधरी, मंडल अध्यक्ष नैनमल लखारा, शंभूसिंह दहिया, तहसीलदार लक्ष्मी चौधरी, विकास अधिकारी गौरव बिश्नोई, सीबीईओ भंवरलाल परमार, थानाधिकारी महेन्द्रसिंह, नोडल प्रधानाचार्य लहरीराम माली, आरआई गलबाराम, सहायक अभियंता रूपेन्द्रसिंह, डॉ. मितुल मिण्डा, जेईएन आशाराम, सुपरवाईजर किरण गुर्जर, विजय नागर, मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।